# उद्योगों को सुविधाएं देने में प्रदेश नंबर वन

- ट्रेड एक्सपो के तीसरे संस्करण का मंत्री ने किया शुभारंभ
- तैयार होगी वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था की जमीन

जासं • लखनऊ : उद्योगों को सुविधाएं देने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। जमीन की उपलब्धता से लेकर सब्सिडी और ऋण देने में प्रदेश सरकार लगातार कार्य रह रही है। वह दिन दूर नहीं जब देश वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था हासिल करेगा, जिसमें एमएसएमई का बड़ा योगदान होगा। गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2025 का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया।

गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी स्टेट चैप्टर पीएचडीसीसीआई की ओर से आयोजित एक्सपो में मंत्री ने कहा कि एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे हैं, जिनसे गांव-गांव तक रोड नेटवर्क पहुंच गया है। किसी भी राज्य की तरक्की तभी संभव है जब वहां पर सड़क और बिजली हो। सौभाग्य से इस मामले में आज उत्तर प्रदेश देश भर में नंबर वन है। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि पिछले 30 साल से पीएचडीसीसीआई से जुड़ा हूं। वर्तमान सरकार एमएसएमई प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग कर रही है। एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग के सचिव प्रांजल यादव ने कहा कि एमएसएमई के विकास में मार्केट की उपलब्धता सबसे बड़ी भूमिका निभाती है।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का शुभारंभ करने के बाद अवलोकन करते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान • जागरण

## छोटे उद्यमियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

पीएचडीसीसीआई के सीईओ और महासचिव डा. रंजीत मेहता ने कहा कि यह एक्सपो राज्य की औद्योगिक क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास है। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार ने कहा कि नाबार्ड बीते तीन वर्षों से इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहा है। इसमें सरकार की बहुत मदद मिली है। शुभम गोल्डी मसाले प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक सुदीप गोयनका ने कहा कि हमारे लिए खुशी का विषय है कि हाल ही में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा हुआ है। इस पावन अवसर पर यूपीआईटेक्स अपना तीसरा संस्करण लेकर आया है। यहां विभिन्न प्रांतों के 300 से अधिक स्टाल लगाए हैं। हम इस तरह के छोटे उद्यमियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि प्रदेश में एक ट्रिलियन डालर इकनामी में उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।